प्रारंभिक परीक्षा पाठ्यक्रम

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का पाठ्यक्रम

- नई परीक्षा प्रणाली के अनुसार, वर्तमान में प्रारंभिक परीक्षा में दो प्रश्नपत्र शामिल हैं। पहला प्रश्नपत्र 'सामान्य अध्ययन' का है जबकि दूसरे को 'सिविल सेवा अभिवृत्ति परीक्षा' (Civil Services Aptitude Test) या 'सीसैट' कहा जाता है और यह क्वालीफाइंग पेपर के रूप में है।
- दोनों प्रश्नपत्र 200-200 अंकों के होते हैं। पहले प्रश्नपत्र (सामान्य अध्ययन) में 2-2 अंकों के 100 प्रश्न होते हैं जबकि दूसरे प्रश्नपत्र (सीसैट) में 2.5-2.5 अंकों के 80 प्रश्न।
- दोनों प्रश्नपत्रों में 'निगेटिव मार्किंग की व्यवस्था लागू है जिसके तहत 3 उत्तर गलत होने पर 1 सही उत्तर के बराबर अंक काट लिये जाते हैं। सीसैट में निर्णयन क्षमता से संबद्ध प्रश्नों में गलत उत्तर के लिये अंक नहीं काटे जाते।
- चूँकि अब सीसैट पेपर को सिर्फ क्वालीफाइंग कर दिया गया है इसलिये प्रारंभिक परीक्षा पास करने के लिये किसी भी उम्मीदवार को सीसैट पेपर में सिर्फ 33 प्रतिशत अंक (लगभग 27 प्रश्न या 66 अंक) प्राप्त करने आवश्यक हैं। अगर वह इससे कम अंक प्राप्त करता है तो उसे फेल माना जाता है। अब कट-ऑफ का निर्धारण सिर्फ प्रथम प्रश्नपत्र यानी सामान्य अध्ययन के आधार पर किया जाता है।

प्रश्नपत्र -1

प्रारंभिक परीक्षा के प्रश्नपत्र-1 का संबंध 'सामान्य अध्ययन' से है। इसका पाठ्यक्रम निम्नलिखित है-

- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की सामयिक घटनाएँ (Current events of national and international importance)
- भारत का इतिहास और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन (History of India and Indian National Movement)।
- भारत एवं विश्व का भूगोल : भारत एवं विश्व का प्राकृतिक, सामाजिक, आर्थिक भूगोल (Indian and World Geography - Physical, Social, Economic Geography of India and the World)।
- भारतीय राज्यतंत्र और शासन- संविधान, राजनीतिक प्रणाली, पंचायती राज, लोकनीति, अधिकारों संबंधी मुद्दे इत्यादि (Indian Polity and Governance - Constitution, Political System, Panchayati Raj, Public Policy, Rights Issues etc)।
- आर्थिक और सामाजिक विकास- सतत् विकास, गरीबी, समावेशन, जनसांख्यिकी, सामाजिक क्षेत्र में की गई पहल आदि (Economic and Social Development, Sustainable Development-Poverty, Inclusion, Demographics, Social Sector initiatives etc)।
- पर्यावरणीय पारिस्थितिकी, जैव-विविधता और जलवायु परिवर्तन संबंधी सामान्य मुद्दे, जिनके लिये विषयगत विशेषज्ञता आवश्यक नहीं है (General issues on Environmental Ecologh2y, Bio-diversity and Climate Change - that do not require subject specialization)।
- सामान्य विज्ञान (General Science)।

प्रश्नपत्र -2

प्रारंभिक परीक्षा के प्रश्नपत्र- 2 का संबंध 'सीसैट' से है। इसका पाठ्यक्रम निम्नलिखित है-

- बोधगम्यता (Comprehension)।
- संचार कौशल सहित अंतर-वैयक्तिक कौशल (Interpersonal skills including communication skills)।
- तार्किक कौशल एवं विश्लेषणात्मक क्षमता (Logical reasoning and analytical ability)।
- निर्णय लेना और समस्या समाधान(Decision-making and problem-solving)।
- सामान्य मानसिक योग्यता (General mental ability)।
- आधारभूत संख्ययन (संख्याएँ और उनके संबंध, विस्तार-क्रम आदि) (दसवीं कक्षा का स्तर); आँकड़ों का निर्वचन (चार्ट, ग्राफ, तालिका, आँकड़ों की पर्याप्तता आदि- दसवीं कक्षा का स्तर) [Basic numeracy (numbers and their relations, orders of magnitude, etc.) (Class X level), Data interpretation (charts, graphs, tables, data sufficiency etc. (Class X level)]

नोट - प्रारंभिक परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकृति (**Objective type**) के प्रश्न पूछे जाते हैं, जिसके अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गए चार संभावित विकल्पों (a, b, c और d) में से एक सही विकल्प का चयन करना होता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-syllabus